प्रादेशिक समाचार

30.04.2025 (संध्या–1900 बजे)

<u>मुख्य समाचार</u>

1 केंद्र सरकार ने जाति जनगणना को आगामी जनगणना में शामिल करने का लिया निर्णय, सामाजिक न्याय और पारदर्शिता सुनिश्चित करने की दिशा में होगा बड़ा कदम, झारखंड में भाजपा ने किया इस निर्णय का स्वागत।

2 झारखंड सहित 19 राज्यों के 75 एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों में स्थापित होंगी स्पेस लैब्स, जनजातीय छात्रों को मिलेगा अंतरिक्ष विज्ञान और तकनीकी शिक्षा का अवसर।

3 जमशेदपुर की शांभवी जायसवाल ने आईसीएसई 10वीं की परीक्षा में 100 प्रतिशत अंक हासिल कर देशभर में किया टॉप।

4 राज्य के कई जिलों में अगले 3 घंटे के अंदर बादल गरजने और वज्रपात के साथ बारिश की संभावना, येलो अलर्ट जारी।

5 आईपीएल टी 20 क्रिकेट में आज चेन्नई सुपर किंग्स का मुकाबला पंजाब किंग्स से होगा।

*****************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय कैबिनेट की राजनीतिक समिति ने आज जाति जनगणना को आगामी जनगणना में शामिल करने का निर्णय लिया है। नई दिल्ली में आज सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इस फैसले से समाज का सामाजिक और आर्थिक ढांचा मजबूत होगा और राष्ट्र निरंतर प्रगति करेगा। उन्होंने कहा कि इससे यह पता चलता है कि नरेंद्र मोदी सरकार समाज और देश के मूल्यों तथा हितों के लिए प्रतिबद्ध है।

*****************

इधर झारखंड में भाजपा ने जाति जनगणना के फैसले का स्वागत करते हुए इसे सभी वर्गों को हक दिलाने की दिशा में अहम कदम बताया है। रांची में प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि भाजपा शुरू से पिछड़ी, अनुसूचित जाति और जनजाति समाज को वाजिब हक देने की पक्षधर रही है।

*****************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने स्पेन और स्वीडन की यात्रा से लौटने के बाद पहलगाम आतंकी हमले पर अपनी पहली प्रतिक्रिया दी। रांची एयरपोर्ट पर उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि यह घटना बेहद निंदनीय है और देश में सूचना तंत्र की गंभीर कमी उजागर हुई है। मुख्यमंत्री ने उम्मीद जताई कि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हों।

*****************

राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी ने रिम्स निदेशक डॉक्टर राजकुमार के दोबारा योगदान देने पर नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि यह मामला हाईकोर्ट में लंबित है और अगली सुनवाई 6 मई को होनी है, ऐसे में योगदान देना और फैसले लेना अमान्य और असंवैधानिक है।

*****************

जनजातीय कार्य मंत्रालय और भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड बीपीसीएल ने झारखंड सहित 19 राज्यों के 75 एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों ईएमआरएस में स्पेस लैब्स स्थापित करने की घोषणा की है। इस परियोजना का उद्देश्य जनजातीय युवाओं को अंतरिक्ष विज्ञान, तकनीक, इंजीनियरिंग और गणित (स्टेम) के क्षेत्र में अवसर प्रदान करना है। स्पेस लैब्स में इसरो द्वारा मान्यता प्राप्त एजेंसियों की तकनीकी सहायता से अत्याधुनिक वैज्ञानिक उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे। प्रत्येक लैब में लांच व्हीकल मॉडल, सौरमंडल, चंद्रग्रहण, टेलीस्कोप, कार्यशील कैनसैट मॉडल और ISRO स्पेस बुक जैसे शैक्षणिक संसाधन शामिल होंगे।

*****************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में भारत के पहले विश्व ऑडियो वीडियो मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) 2025 का शुभारंभ करेंगे। चार दिन के सम्मेलन का मुख्य विषय है क्रिएटर्स और देशों को साथ में जोड़ना। सम्मेलन भारत को मीडिया, मनोरंजन और डिजिटल नवाचार के लिए एक वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए तैयार है। हमारे संवाददाता ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी 32 क्रिएट इन इंडिया चैलेंज से चुने गए क्रिएटर्स के साथ बातचीत करेंगे।

*****************

गुमला जिले में सांसद सुखदेव भगत की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय और अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में विभिन्न योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा की गई और अधिक से अधिक लोगों को योजनाओं से कवर करने पर चर्चा हुई। मौके पर सांसद ने अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को स्थल पर जाकर योजनाओं की प्रगति की जांच करने का निर्देश दिया।

*****************

जमशेदपुर के लोयला स्कूल की छात्रा शांभवी जायसवाल ने आईसीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षा में 100 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पूरे देश में टॉप किया है। शांभवी ने अपनी सफलता का श्रेय माता–पिता और शिक्षकों को देते हुए भविष्य में आईआईटी से इंजीनियरिंग करने की इच्छा जताई है।

*****************

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान को लेकर गिरिडीह में लगातार जागरूकता कार्यक्रम किए जा रहे हैं।

*****************

खूंटी पुलिस ने अड़की थाना क्षेत्र से सवा किलो मादक पदार्थ अफीम के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। डीएसपी वरुण रजक ने जानकारी दी कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया और स्कूटी सवार दुर्गा मुंडा को गिरफ्तार किया।

*****************

<u>कुछ संक्षिप्त खबरें–</u>

- राज्य में एक मई से बिजली दरों में औसतन 6 दशमलव तीन–चार फीसदी की बढ़ोतरी की गई है। अब ग्रामीण घरेलू उपभोक्ताओं को 6 रूपये 70 पैसे और शहरी उपभोक्ताओं को 6 रूपये 85 पैसे प्रति यूनिट चुकाने होंगे। व्यावसायिक उपभोक्ताओं के लिए भी दरें बढ़ा दी गई हैं।

- जमशेदपुर में अबुआ आवास योजना और प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर बना रहे गरीब लाभुकों को सस्ती दर पर बालू दिलाने की मांग को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने आज डीसी को ज्ञापन सौंपा। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर दिनेशानंद गोस्वामी के नेतृत्व में प्रदर्शन करते हुए नेताओं ने बालू टेंडर नहीं होने से निर्माण कार्य ठप होने की बात कही। भाजपा ने बालू माफियाओं पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

*****************

राज्य के कई जिलों में अगले 3 घंटे के अंदर बादल गरजने और वज्रपात के साथ हल्की से मध्यम बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान अनुसार धनबाद, दुमका, जामताड़ा, लोहरदगा, पाकुड़, गुमला और लातेहार के कुछ हिस्सों में 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं भी चल सकती हैं।

*****************

रामगढ़ उपायुक्त चंदन कुमार ने जिले के अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए सीएसआर मद से खेल सामग्री और आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की पहल की है। पिछले पांच वर्षों में मान्यता प्राप्त खेलों में भाग ले चुके और वर्तमान में सक्रिय खिलाड़ियों को इसका लाभ मिलेगा। खिलाड़ी आवेदन पत्र और प्रमाण पत्र जिला खेल कार्यालय या ईमेल के माध्यम से जमा कर सकते हैं।

*****************

आईपीएल क्रिकेट में आज विशाखापत्तनम में चेन्नई सुपर किंग्स का मुकाबला पंजाब किंग्स से होगा। यह मैच शाम साढ़े सात बजे से खेला जाएगा। अंक तालिका में चेन्नई सुपर किंग्स 4 अंक के साथ दसवें नंबर पर है। टीम ने अब तक 9 मैच खेले हैं जिसमें से उसने 2 में जीत दर्ज की है। जबकि पंजाब किंग्स 11 अंक के साथ पांचवें स्थान पर है।

********समाप्त********